(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com,*

www.vidyabhartimp.org ***Date: 7-10-1986***

पत्र क्रमांक :27../2020 दिनांक-15/06/2020

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/ प्राचार्य महोदय,
सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर,
मध्यभारत प्रान्त

बन्धुवर,

सादर नमस्कार।

विद्या भारती सदैव से ही स्वदेशी व स्वालम्बन की प्रबल पक्षधर रही है। विगत अनेक वर्षों से हम पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के जन्मदिवस 25 सितम्बर से महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस 2 अक्टूबर तक स्वदेशी सप्ताह का आयोजन करते आ रहे हैं। COVID 19 के कारण हुए लॉक डाउन के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं के कारण अब सभी को स्वदेशी व स्वावलम्बन का महत्व ध्यान में आ रहा है। परम पूजनीय सरसंघचालक जी ने अपने बौद्धिक वर्ग में भी सम्पूर्ण समाज का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है।

1. स्वदेशी जागरण मंच ने देश की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्वदेशी स्वालंबन अभियान प्रारभ किया है। जिसका उद्देश्य भारत को समृद्ध, स्वावलंबी व रोजगार युक्त देश के नाते से खड़ा करना है।
2. यह वर्ष दत्तोपंत ठेगड़ी जी की जन्मशताब्दी का भी वर्ष है।
3. इस अभियान के पहले चरण में 25 मई से हम डिजिटल हस्ताक्षर अभियान योजना शुरू हो चुका हैं। आपसे निवेदन है कि आप भी नीचे दिए गए लिंक पर जाकर हस्ताक्षर पत्रक भरें व अपने आस-पास के क्षेत्र के सब बंधु/भगिनी को भी भरने के लिए प्रेरणा दें।
4. यह अभियान डिजिटल (सोशल मीडिया) माध्यम से ही चलाया जाना है। अधिकाधिक संगठनों के अधिकाधिक बंधु लगें, इस दृष्टि से जो सहयोग आप कर सकते हैं कृपया अवश्य करें। इससे प्राप्त फोन न. आदि पर हम आगे भी स्वदेशी, विदेशी सूची व अन्य स्वदेशी संदेश भेज सकेंगे।

सम्पूर्ण देश में विद्याभारती का कार्य विस्तार बहुत व्यापक है अतः इस अभियान में निश्चिय ही हमारा दायित्व भी कापी बड़ा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि हमारे सभी पोषक ग्रामों तथा बस्तियों तक इस अभियान की सूचना हम पहुँचाएं। विगत दिनों कार्यकर्ता युक्त ग्रामों की सूचि भी हमने बनाई है। अतः उन कार्यकर्ताओं तक यह सूचना पहुँचाने की व्यवस्था की जाए तथा अधिकाधिक लोग (युवा, माता, बहिनों सहित) इस डिजिटल हस्ताक्षर अभियान में सहभागी बनें।

शेष शुभ।

इस लिंक पर क्लिक करके डिजिटल हस्ताक्षर अभियान का हिस्सा बनें

https://joinswadeshi.com/digital-signature-for-self-reliant-bharat/

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः-

1. श्रीमान संगठन मंत्री/ सहसंगठन मंत्री विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्रान्त प्रमुख /समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रान्त।

E:\P-July 19-20 Daly Letter